प्रादेशिक समाचार
दिनांक–29.08.2024 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1. पूर्व मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन के हेमंत सरकार के मंत्री पद और झारखंड मुक्ति मोर्चा के सभी पदों से इस्तीफा देने के बाद राजनीतिक सरगर्मी बढ़ी, श्री सोरेन कल भाजपा में होंगे शामिल।
2. केंद्र सरकार ने जमशेदपुर, पुरूलिया, आसनसोल तीसरी लाइन समेत रेलवे की तीन नई परियोजनाओं को दी मंजूरी।
3. उत्तर प्रदेश के रिहंद बांध के तेरह फाटक खोले जाने के कारण गढ़वा में सोन नदी का बढ़ा जल स्तर, जिला प्रशासन ने जारी किया अलर्ट।
4. आज राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया जा रहा है, राज्य के कई जिलों में खिलाड़ियों के प्रोत्साहन के लिए विभिन्न खेल स्पर्धाओं का किया जा रहा है आयोजन।

****

झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने हेमंत सोरेन सरकार में मंत्री पद और झारखंड मुक्ति मोर्चा के सभी पदों से इस्तीफा दे दिया है। पार्टी अध्यक्ष शिबू सोरेन को लिखे पत्र में चम्पाई सोरेन ने कहा है कि पार्टी की कार्यशैली और नीतियों ने उन्हें पार्टी छोड़ने के लिए मजबूर किया है। उनके इस्तीफा देने के बाद झारखंड में राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गयी है। चंपाई सोरेन कल भारतीय जनता पार्टी में शामिल होने जा रहे हैं। केंद्रीय मंत्री और झारखंड बीजेपी के प्रभारी शिवराज सिंह चौहान, असम के मुख्यमंत्री तथा झारखंड बीजेपी के सह प्रभारी हिमंता विश्वा सरमा, और प्रदेश प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेयी इस अवसर पर उपस्थित रहेंगे।

****

आर्थिक मामलों की कैबिनेट समिति ने छह हजार चार सौ 56 करोड़ रुपये की लागत से रेलवे की तीन महत्वपूर्ण परियोजना को मंजूरी दे दी है। श्री वैष्णव ने बताया कि ये परियोजनाएं यात्रा को आसान बनाएंगी, लॉजिस्टिक लागत, तेल आयात और कार्बन उत्सर्जन को कम करेंगी।

****

शिक्षा मंत्री वैद्यनाथ राम ने कहा है कि पारा शिक्षकों के मानदेय में एक हजार रुपये की वृद्धि होगी। सरकार के आश्वासन के बाद पारा शिक्षकों ने अपना आंदोलन समाप्त कर दिया है। पारा शिक्षकों की शिक्षा मंत्री के साथ वार्ता के बाद इंम्लोई प्रोविडेंट फंड–ईपीएफ में एक हजार नौ सौ पचास रुपये सरकार देगी इसपर भी सहमति बनी। शिक्षा मंत्री ने कहा कि वार्ता में बनी सहमति पर आवश्यक प्रकिया जल्द पूरी कर ली जाएगी।

****

गढ़वा जिले में सोन नदी का जलस्तर फिर से बढ़ने लगा है। उत्तर प्रदेश स्थित रिहंद बांध में जलस्तर बढ़ने की वजह से बांध के 13 फाटक खोल दिए गए है। फाटक खोले जाने की वजह से सोन नदी का जलस्तर और बढ़ने की संभावना है। नदी के बढ़ते जल स्तर को देखते हुए जिला प्रशासन की ओर से नदी के आसपास के क्षेत्र में रहने वाले लोगों के लिए अलर्ट जारी किया गया है।

****

मौसम विभाग ने राजधानी समेत कोल्हान के पूर्वी सिंहभूम, सरायकेला खरसावां और पश्चिमी सिंहभूम में आज भारी बारिश की संभावना जताई है। राज्य के कई जिलों में पिछले चौबीस घंटे से रूक–रूक कर बारिश हो रही है। मौसम विभाग के अनुसार पिछले अड़तालीस घंटे में झारखंड में मॉनसून सक्रिय रहा है। सबसे अधिक बारिश सिमडेगा जिले में दर्ज की गई है।

****

आज राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया जा रहा है। यह दिवस महानतम हॉकी खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद की जयंती के अवसर पर मनाया जाता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज कहा कि खेलों को समर्थन देने और अधिक युवाओं को खेल और प्रतिभा प्रदर्शन में सहयोग देने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। राष्ट्रीय खेल दिवस पर अपनी

शुभकामनाएं देते हुए श्री मोदी ने कहा कि देश भारतीय हॉकी के खिलाडी मेजर ध्यानचन्द्र को आज श्रद्धा–सुमन अर्पित कर रहा है।

इधर युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री डॉक्टर मनसुख मांडविया ने राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर सभी नागरिकों को कम से कम एक घंटा खेल को समर्पित करने का आह्वान किया है।

****

राज्य के खेल कूद, पर्यटन, अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री हफीजुल हसन ने रामगढ़ में किक बॉक्सिंग खेल के नए कक्ष का उद्घाटन किया। खेल मंत्री ने किक बॉक्सिंग के विभिन्न प्रतियोगिता में विजेता खिलाड़ियों को मेडल एवं प्रशस्ति पत्र भी प्रदान किया। हफीजुल हसन ने खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि वे खेल में आगे बढ़े, राज्य सरकार उनके साथ है।

****

गोड्डा जिले में आज राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर प्राचीन पारंपरिक खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। बालिकाओं के लिए पिट्ठू खेल प्रतियोगिता कराया गया। वहीं ओपन पुरुष एवं महिला वर्ग में गुलेल प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस पारंपरिक खेल प्रतियोगिता में काफी संख्या में स्थानीय खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया।

****

गोड्डा जिले में राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के तहत कुष्ठ रोग खोज अभियान का प्रथम चक्र शुरू हो गया है।

****

केंद्र सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय की ओर से 18वें दिव्य कला मेला आज से रांची के हरमू मैदान में प्रारंभ हो रहा है। मेला 8 सितंबर तक चलेगा। मेला का उद्घाटन राज्यपाल संतोष गंगवार और केंद्रीय मंत्री डॉक्टर वीरेंद्र कुमार संयुक्त रूप से करेंगे। मेला में स्थानीय सांसद और विधायक भी उपस्थित रहेंगे। सामाजिक न्याय मंत्रालय के सीएमडी नवीन शाह ने बताया कि पूरे भारत वर्ष में इस तरह के मेले का आयोजन किया जा रहा है। मेला का उद्देश्य दिव्यांग जनों का सशक्तिकरण करना है। इस मेले के माध्यम से दिव्यांग जन जो अपने घर में कला कृति बनाते हैं या जो भी बाजार के लिए निर्माण करते हैं उसको एक मार्केटिंग प्लेटफार्म दिया जाएगा। मेला में झारखंड के 15 दिव्यांग जनों को ऋण भी दिया जायेगा।

****